>

Title: Need to construct Panipat - Meerut railway line - laid.

श्री संजय भाटिया (करनाल): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान पानीपत-मेरठ रेलवे लाइन की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । इस रेलवे लाइन का प्रस्ताव 30 वर्षों से निलंबित है परंतु इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । भारत की सबसे बड़ी छावनी में से एक छावनी मेरठ कैंट है । हमारे सेना के जवानों को मेरठ कैंट से अंबाला कैंट, पठानकोट कैंट व जम्मू कश्मीर जाने के लिए दिल्ली होकर जाना पड़ता है जिसे उन्हें अनेक प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ता है ।

पानीपत-कुरुक्षेत्र-करनाल के लोगो को हरिद्वार जाने के लिए दिल्ली या अंबाला जाना पड़ता है । मज़बूरी में लोग ओवर लोड बसो व रेल में सफ़र करते है । पानीपत-मेरठ रेलवे लाइन का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए ।